सतर्कता जागरूकता सप्ताह – 2018

संगठन का नाम :वन उत्पादकता संस्थान, रांची।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2018 के दौरान आयोजित कार्यकलापों का संक्षिप्त विवरण

वन उत्पादकता संस्थान, रांची में 29 अक्टूबर, 2018 से 3 नवम्बर, 2018 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। इस सप्ताह की शुरूआत 29 अक्टूबर को संस्थान के निदेशक डॉ0 नितिन कुलकर्णी के द्वारा संस्थान के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्यकलापों में ईमानदारी एवं पारदर्शिता बनाए रखने की शपथ दिलाकर की गई ।

इस वर्ष के सतर्कता सप्ताह के विषय ''भ्रष्टाचार मिटाओ – नया भारत बनाओ'' के अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय, लालगुटवा एवं टिकरा टोली में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालयों में सर्वप्रथम सभी छात्रों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को ईमानदारी एवं अनुशासन की शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात् छात्रों के बीच भाषण, चित्रांकन, निबंध लेखन इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

वन उत्पादकता संस्थान में भी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के कर्मचारियों, अधिकारियों ने एवं उनके परिवार के अन्य सदस्यों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। संस्थान में चित्रांकन द्वारा भ्रष्टाचार के विभिन्न आयामों को दर्शाने के अलावा क्वीज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

दिनांक 02.11.2018 को संस्थान में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में रांची शहर के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के उप पुलिस अधीक्षक श्री वैद्यनाथ प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो विभिन्न कार्यालयों एवं संस्थानों में वित्तीय अनियमितता के अन्वेषण का कार्य करती है एवं सूचना मिलने पर कार्रवाई करती है। उन्होंने अपने वक्तव्य में आहवान किया की आम नागरिकों को भी सतर्क रहने की आवश्यकता है एवं किसी भी प्रकार की अनियमितता की जानकारी अतिशीघ्र ब्यूरो को दें जिससे कि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

श्री चेतनान्द सिन्हा, निरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने अपने वक्तव्य में विस्तृत रूप से ब्यूरो को बनाने की आवश्यकता एवं इसके इतिहास की जानकारी दी। उन्होंने स्कूली छात्र एवं छात्राओं को अपने जीवन में अनुशासन एवं पारदर्शिता बनाने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा की अच्छी तरह से पढ़ाई नहीं करना एवं परीक्षा में नकल करना भी भ्रष्टाचार की श्रेणी में आती है।

वन उत्पादकता संस्थान, रांची के निदेशक डॉ0 नितिन कुलकर्णी ने भ्रष्टाचार के विभिन्न आयामों एवं रूपों के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों को सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन एवं कठिन परिश्रम के महत्त्व को बताया। संस्थान के सतर्कता अधिकारी डॉ0 अनिमेष सिन्हा ने विश्व में भ्रष्टाचार के फैले होने की जानकारी दी एवं बताया कि भारत विश्व में 82वें स्थान पर है। उनके अनुसार भ्रष्टाचार को रोकने में सभी नागरिकों को महत्त्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। संस्थान के समूह समन्वयक अनुसंधान डॉ0 योगेश्वर मिश्रा ने छात्रों एवं नागरिकों को अपने जीवन में सतर्क रहने की आवश्यकता है एवं अपने आस–पास हो रही अनुचित घटनाओं की सूचना उचित संस्था को देनी चाहिए।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में संस्थान के निदेशक एवं मुख्य अतिथि द्वारा चयनिक प्रतियोगियों को पुरूस्कृत किया गया। संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 संजय सिंह, डॉ0 मालाविका रे, डॉ0 पी0के0दास, श्री आदित्य कुमार, श्री प्रमोदचन्द लकड़ा, भा0व0से0 एवं संस्थान के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीमति रूबी कुजूर के द्वारा किया गया।



Vigilance pledge administered by the Director

Vigilance pledge administered at School

Speech competition at school in progress

Chief Guest at the Closing ceremony

Address by the Chief Guest, Sh B.N.Prasad, DSP, ACB, Ranchi

Address by the Director, Dr. N. Kulkarni, IFP, Ranchi

Prize distribution to the winners of competitions

Prize distribution to the winners of competitions

Felicitation of Sh. C. N. Sinha, Inspector, ACB, Ranchi

Felicitation of Sh. B. N. Prasad, DSP, ACB, Ranchi